दैनिक न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

रायगढ़, गुरूवार 09 जनवरी 2020

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### महिला के गले से लूट लिया सोने का हार

**बिलासपुर (आरएनएस)।** आमतौर पर चैन स्केनिंग की घटनाएं शहरो में सुनाई पड़ती है ,लेकिन चैन स्नेकरों की बदमाशी से अब गाँव भी अछूता न रहा। सेमरताल में आज दोपहर ढाई बजे ऐसी ही घटना घटी। आँगन बाड़ी कार्यकर्ता बिजमा गहवई सेमरताल से जलसो जाने वाली सड़क किनारे अपने घर के सामने खड़ी थी तभी बाईक में दो युवक जिसमें बाईक चालक रंग सांवला,कद ऊँचा था ,मुँह ढका था। दोनो की उम्र बीस से पच्चीस वर्ष है। जो छत्तीसगढ़ी में बात कर रहे थे। वाहन चालक ने हरिश वर्मा और रामकुमार मानिकपुरी का पता पूछा और मौका पाते ही पीछे बैठे शख्श ने महिला के गले से सोने का हार जिसमें ग्यारह फर का माला व गेंहू दाना था झटक लिया और जलसो की ओर भाग निकले।

### त्रिदिवसीय श्री रामायण महोत्सव का आयोजन 18 से

**रायपुर (आरएनएस)।** श्रीरामायण महोत्सव समिति गांधी चौक राजातालाब द्वारा त्रिदिवसीय रामायण महोत्सव का 23वां आयोजन 18, 19 एवं 20 जनवरी को किया जा रहा है। उक्त आयोजन के संयोजक मनहरण लाल साहू ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर बताया कि मदन चौहान, सचिव ज्ञानचंद चौधरी एवं कोषाध्यक्ष शंकरलाल सावरकर सहित सदस्यों के सहसहमति के आधार पर उक्त आयोजन में प्रदेश की समस्त रामायण मंडलियों को रामायण पाठ एवं भजन की प्रस्तुति के किलए आमंत्रित किया गया है। उक्त आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है। आयोजन से पहले 14, 15 एवं 16 जनवरी को सुबह 6 बजे से प्रभात फेरी निकालकर रहवासियों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### घर में जबरन प्रवेश कर महिला पर धारदार चीज से हमला, जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम केशला में एक महिला के घर जबरन प्रवेश कर उस पर धारदार चीज से हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थियां डिगेश्वरी देवांगन पति अनुप 35 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कामला देवांगन पिता दीपचंद निवासी केशला जो प्रार्थियां का पड़ोसी है 07 जनवरी को शाम 04 बजे डिगेश्वरी के घर में जबरन प्रवेश किया और उस किसी धारदार चीज से यह कहते हुए हमला कर उसे घायल कर दिया कि वो अपने पति को शराब पीने से क्यों मना करती है। बताया जा रहा है कि धारदार चीज से महिला के सिर पर चोट लगी है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 452, 294, 506, 324 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### राजधानी के बाजारों में प्याज का पारा गिरा : प्रति किलो 60 से 70 रूपए

» मौसमी साग-सब्जियों की भी बढ़ने लगी आवक

**रायपुर (आरएनएस)।** मौसमी साग सब्जियों की आवक छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बाजारों में दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। इसके फलस्वरूप राजधानी के निवासियों को ताजी और हरी सब्जियां उचित मूल्य पर मिलने लगी है। वहीं नई फसल के आने पर शहर में प्याज की आवक भी बढ़ गई है और जो प्याज पिछले हफ्ते 80 रूपए से 100 रूपए किलो के भाव से बिक रहा था वहीं अब इस प्याज का पारा गिरकर 60 रूपए से 70 रूपए के बीच आ गया है। राजधानी की सबसे बड़ी सब्जी मंडी शास्त्री बाजार में आज प्याज थोक विक्रेताओं के यहां 48 रूपए से 58 रूपए प्रति किलो पर बिका।

### प्रदेश में सात हजार 352 मक्का उत्पादक किसान हुए पंजीकृत

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में सात हजार 352 किसानों ने मक्का बेचने के लिए पंजीयन कराया है। राज्य में कुल 21 जिलों के मक्का उत्पादक किसानों ने पंजीयन कराया है। सबसे ज्यादा कोण्डागांव जिले के दो हजार 385 किसानों ने पंजीयन कराया है। कांकेर जिले के एक हजार 932 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसी प्रकार बस्तर जिले के 431, नारायणपुर जिले 176, सुकमा 36, रायगढ़ 115, बालोद 14, बेमेतरा 33, दुर्ग 25, राजनांदगांव 550, धमतरी 65, गरियाबंद 895, महासमुंद 04, बलरामपुर 65, जशपुर जिले के 276, कोरिया 21, सरगुजा 215, सूरजपुर 91 एवं कबीरधाम, बलौदाबाजार और रायपुर जिले के एक-एक किसानों ने मक्का बेचने के लिए पंजीयन कराया।

# किसानों से 36.43 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

» प्रदेश में अबतक 14.29 लाख मीट्रिक टन धान का कस्टम मिलिंग

**रायपुर (आरएनएस)। खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में प्रदेश के किसानों से अब तक 36 लाख 34 हजार 508 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। धान उपार्जन केन्द्रों से अब तक 14 लाख 29 हजार 6 सौ 86 मीट्रिक टन धान का कस्टम मिलिंग किया जा चुका है। पंजीकृत मिलरों को उपार्जन केन्द्रों से धान उठाने के लिए 16 लाख 67 हजार 143 मीट्रिक टन धान का डी.ओ. जारी कर दिया गया है।**



खाद्य विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने अधिकारियों को कस्टम मिलिंग में और तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश के बस्तर जिले में 14 हजार 543 मीट्रिक टन धान का कस्टम मिलिंग किया गया है। इसी प्रकार बीजापुर जिले में 36 हजार मीट्रिक टन धान, दंतेवाडा जिले में 262 मीट्रिक टन, कांकेर जिले में 39 हजार 682 मीट्रिक टन, नारायणपुर में 970 मीट्रिक टन, सुकमा में 1 हजार 476 मीट्रिक टन, जांजगीर-चांपा में एक लाख 57 हजार 809 मीट्रिक टन, कोरबा में 18 हजार 684 मीट्रिक टन, मुंगेली जिले में 40 हजार 857 मीट्रिक टन, रायगढ़ जिले में एक लाख 36 हजार 489 मीट्रिक टन, बालोद में 52 हजार 98 मीट्रिक टन, बेमेतरा जिले में 39 हजार 599 मीट्रिक टन और दुर्ग जिले में 86 हजार 556 मीट्रिक टन धान का उठाव मिलरों द्वारा किया गया है।

कबीरधाम जिले में 24 हजार 933 मीट्रिक टन धान का कस्टम मिलिंग हो चुका है। राजनांदगांव जिले में 68 हजार 946 मीट्रिक टन, बलौदाबाजार में 54 हजार 989 मीट्रिक टन, धमतरी में 95 हजार 813 मीट्रिक टन, गरियाबंद में 30 हजार 902 मीट्रिक टन, महासमुन्द में एक लाख 51 हजार 668 मीट्रिक टन, रायपुर जिले में एक लाख 58 हजार 883 मीट्रिक टन, बलरामपुर में 22 हजार 699 मीट्रिक टन, जशपुर जिले में 18 हजार 990 मीट्रिक टन, कोरिया जिले में 19 हजार 469 मीट्रिक टन, सरगुजा जिले में 33 हजार 878 मीट्रिक टन और सूरजपुर जिले में 30 हजार 542 मीट्रिक टन धान का उठाव उपार्जन केन्द्रों से मिलरों द्वारा किया गया है।

### पेयजल समस्या को लेकर महिलाएं खाली बर्तन लेकर कलेक्टर से मिली

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के गोंगला पचायत में बीते कई सालों से पानी की समस्या से परेशान है। पानी की समस्या से परेशान महिलाएं सुकमा कलेक्टर से मिलकर बताया कि गोंगला पंचायत के कई गांवों में पानी की परेशानी लंबे समय से है, लेकिन इस समस्या के निराकरण के लिए अब तक कोई भी पहल नहीं किया गया, इसके चलते परेशानी और बढ़ती जा रही है।



सुकमा के गोंगला पचायत के लोग बीते कई सालों से पानी की समस्या से परेशान है। कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई तो महिलाएं खाली बर्तन लेकर कलेक्टोरेट पहुंच गई और कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को सामने रखा, जिसके बाद कलेक्टर ने तत्काल विभागीय अधिकारी को तलब किया और समस्या का समाधान को लेकर चर्चा की है। कलेक्टर चंदन कुमार ने जल्द पानी की समस्या को दूर करने की बात कही है।

### नगर निगम के राजस्व अधिकारी निजी भूमि को शासकीय नजूल की भूमि बताकर कर रहे फर्जीवाड़ा-देवांगन

» शासन के जिम्मेदार नगर निगम कर्मियों के खिलाफ नहीं कर रहे कार्रवाई

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर में निजी भूमि को शासकीय नजूल की भूमि बताकर फर्जीवाड़ा किये जाने का मामला लक्ष्मण प्रसाद देवांगन निवासी विद्यापति नगर (शिवानंद नगर) गोंदवारा रेलवे फाटक के पास गुढ़ियारी ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताते हुए कहा कि नगर निगम के राजस्व विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी उनकी जमीन 1 हजार 72 वर्गफुट खसरा नंबर 166/4 जो कि कन्हैयालाल बाजारी वार्ड नंबर 8 में स्थित है उसे मनोज निर्मलकर से सांठगांठ कर उसकी संपत्ति बताकर उन्हें सरकारी जमीन में अवैध कब्जाधारी बताया जा रहा है। उन्होंने एसडीएम तहसीलदार, कलेक्टर आयुक्त रायपुर संभाग आदि से मिलकर भी अपनी व्यथा व्यक्त की थी। बावजूद इसके प्रशासनिक जिम्मेदारों ने उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया।


### न्यूनतम वेतन 21 हजार रुपये सहित विभिन्न मांगों को लेकर ट्रेड यूनियन का भारत बंद आज

» सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण आम जनता के हितों पर कुठाराघात

**रायपुर (आरएनएस)।** केंद्र सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों न्यूनतम वेतन प्रति व्यक्ति 21 हजार रुपये प्रति माह सहित विभिन्न मांगों को लेकर 134 किसान संगठनों एवं ट्रेड यूनियह्यन्स के आव्हान पर संपूर्ण देश में आज भारत बंद का आव्हान किया गया है। उक्त हड़ताल में बैंक, बीमा, बीएसएनएल, असंगठित क्षेत्र के मजदूर सहित अन्य संगठनों के ट्रेड यूनियन अध्यक्ष सहित संगठनों के सदस्य शामिल हुए। भारत बंद को राजनीतिक दलों का भी समर्थन मिला है।

इंटूक के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह एटक के महासचिव हरिनाथ सिंह सीटू के राज्य अध्यक्ष बी. सानियाल और महासचिव एनके नंदी, एक्टू के महासचिव बृजेंद्र तिवारी, सीजेडब्ल्यूआईयूयू के महासचिव धर्मराज महापात्र एचएमएस के कार्यकारी अध्यक्ष एस. मिश्रा, छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राकेश साहू केंद्रीय कर्मचारी समन्वय समिति के दिनेश पटेल, माणिकराम, आशुतोष सिंह, राजेंद्र सिंह, सियाराम एवं बैंक कर्मियों की प्रदेश अध्यक्ष शिरीष नलगुंडवार, सीएल भट्ट आदि ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उक्त भारत बंद के आव्हान को आम लोगों का भी समर्थन मिल रहा है। नेताओं ने केंद्र सरकार से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से महंगाई पर रोक लगाई जाए। धार्मिक और सामाजिक सुरक्षा दी जाये। नई पेंशन योजना रद्द कर पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए। समान कार्य, समान वेतन लागू किया जाए। बैंक बीमा रक्षा रेलवे खुदरा क्षेत्रों एवं रेलवे आदि में एफडीआई के निर्णय वापस लिया जाए, श्रम कानूनों में बदलाव के चलते श्रमिकों की आजादी पर लगे प्रतिबंध के आधार पर उक्त कानून तत्काल रद्द किया जाए।

### ऑनलाइन दोपहिया वाहन बिक्री के नाम पर 88999 रूपये की ठगी




**रायपुर (आरएनएस)।** आनलाईन दोपहिया वाहन की बिक्री करने के नाम पर 88999 रूपये की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की रिपोर्ट राखी थाना में दर्ज कराई गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कुबेर भारती निवासी ग्राम खंडवा राखी ने आरोपी मोबाईल धारक द्वारा ओएलएक्स में अपनी स्कूटी बिक्री करने के लिए विज्ञापन दिया था, जिसे देखने के बाद प्रार्थी ने उक्त मोबाईल धारक को संपर्क कर जब स्कूटी खरीदने के संबंध में बातचीत की तो आरोपी मोबाइल धारक ने प्रार्थी से कई बार राशि पेटीएम करने कहा गया। प्रार्थी भी आरोपी के झांसे में आ गया और उसके कहने पर करीब 88999 रूपये पेटीएम कर दिए। रूपये लेने के बाद आरोपी ने प्रार्थी को स्कूटी नहीं देकर उसके साथ धोखाधड़ी की। मामले में पुलिस ने आरोपी मोबाईल धारक के खिलाफ 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### ग्रामोद्योग विभाग ने 13554 लोगों को दिलाया रोजगार

» मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत 4506 लोग हुए लाभान्वित

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्रामोद्योग विभाग के छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा राज्य के नई सरकार के गठन उपरांत अब तक 13 हजार 554 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया है।



विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बोर्ड द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत विगत एक साल में 821 इकाई स्थापित कर लगभग 5 करोड 52 लाख रूपए का अनुदान देकर 4 हजार 506 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया है। साथ ही प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत एक हजार एक सौ इकतीस इकाई स्थापित कर लगभग 25 करोड़ 44 लाख रुपए का अनुदान देकर 9 हजार 48 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम राज्य शासन की प्रायोजित योजना है। इस योजना के अंतर्गत परियोजना लागत राशि सेवा क्षेत्र हेतु एक लाख रूपए एवं विनिर्माण क्षेत्र के लिए 3 लाख रुपए दिया जाता हैं। इसमें अनुदान की राशि बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है और अनुदान राशि की सीमा 35 प्रतिशत जिसमें लाभार्थी द्वारा स्वयं का अंशदान 5 प्रतिशत विनियोजन करना होता है। इस योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को छोटे-छोटे ग्रामोद्योग इकाईयों की स्थापना हेतु लाभान्वित कर ग्रामोद्योग का विकास एवं स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा प्रायोजित योजना है इसके अंतर्गत आयोग द्वारा जारी नकारात्मक उद्योग को छोड़कर किसी भी ग्रामोद्योग इकाई स्थापित करने के लिए 10 लाख रुपए सेवा क्षेत्र में एवं विनिर्माण क्षेत्र के लिए 25 लाख तक की लागत कि परियोजनाएं स्वीकार की जाती हैं।

### बंद पॉलिसी को चालू कराने के नाम पर ढाई लाख रूपये की ठगी, जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** एचडीएफसी लाईफ इंसुरेंश की बंद पॉलिसी को चालू कराने के नाम पर एक व्यक्ति से ढाई लाख रूपये लेकर उसके साथ धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कैलाश देवांगन पिता अंगद 32 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दो मोबाईल फोन धारक जो खुद को एचडीएफडी लाईफ इंसुरेंश के कर्मी बनकर फोन किए और उनकी बंद पड़ी पॉलिसी को चालू कराने के नाम पर उससे चार किश्तों में ढाई लाख रूपये उसके बताये खाता में जमा कराये। उक्त राशि जमा कराने के बाद भी आरोपी मोबाईल धारक द्वारा प्रार्थी की पॉलिसी चालू नहीं कराई गई, जिसके बाद प्रार्थी ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण गठित

» मुख्यमंत्री प्राधिकरण के अध्यक्ष और खेल मंत्री होंगे पदेन उपाध्यक्ष

» छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 के तहत हुआ पंजीकृत

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण का गठन कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 के तहत यह पंजीकृत हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इसके पदेन अध्यक्ष होंगे वहीं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश कुमार पटेल पदेन उपाध्यक्ष होंगे। शासन के समस्त मंत्रीगण प्राधिकरण के पदेन सदस्य बनाए गए हैं। मुख्य सचिव प्राधिकरण के पदेन संयोजक और अपर मुख्य सचिव वित्त, प्रमुख सचिव गृह विभाग, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा, सचिव खेल एवं युवा कल्याण, सचिव उच्च शिक्षा, सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, आयुक्त/संचालक खेल एवं युवा कल्याण इसके पदेन सदस्य होंगे।

## अन्न दान का महापर्व छेरछेरा पुन्नी 10 को

» बच्चों की टोली घर-घर जाकर नई फसल का अंश मांगती है, युवक घर-घर जाकर करते हैं डंडा नृत्य

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पौष पूर्णिमा के अवसर पर 10 जनवरी को छेरछेरा पुन्नी का पर्व प्रदेश में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया जाएगा। ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ का खास लोकपर्व है छेरछेरा, यह पौष पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ में यह पर्व नई फसल के खलिहान से घर आ जाने के बाद मनाया जाता है।

यह उत्सव कृषि प्रधान संस्कृति में दानशीलता की परंपरा को याद दिलाता है। उत्सवधर्मिता से जुड़ा छत्तीसगढ़ का मानस लोकपर्व के माध्यम से सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के लिए आदिकाल से संकल्पित रहा है। इस दौरान लोग घर-घर जाकर अन्न का दान मांगते हैं। वहीं गांव के युवक घर-घर जाकर डंडा नृत्य करते हैं।



लोक परंपरा के अनुसार पौष महीने की पूर्णिमा को प्रतिवर्ष छेरछेरा का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन सुबह से ही बच्चे, युवक व युवतियां हाथ में टोकरी, बोरी आदि लेकर घर-घर छेरछेरा मांगते हैं। वहीं युवकों की टोलियां डंडा नृत्य कर घर-घर पहुंचती हैं। धान मिंसाई हो जाने के चलते गांव में घर-घर धान का भंडार होता है, जिसके चलते लोग छेर छेरा मांगने वालों को दान करते हैं। इन्हें हर घर से धान, चावल व नकद राशि मिलती है। इस त्योहार के दस दिन पहले ही डंडा नृत्य करने वाले लोग आसपास के गांवों में नृत्य करने जाते हैं। वहां उन्हें बड़ी मात्रा में धान व नगद रुपए मिल जाते हैं। इस त्योहार के दिन कामकाज पूरी तरह बंद रहता है। इस दिन लोग प्रायः गांव छोड़कर बाहर नहीं जाते।

इस दिन अन्नपूर्णा देवी तथा मां शाकंभरी देवी की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि जो भी बच्चों को अन्न का दान करते हैं, वह मृत्यु लोक के सारे बंधनों से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त करते हैं। इस दौरान मुर्रा, लाई और तिल के लड्डू समेत कई सामानों की जमकर बिक्री होती है। इस दिन सभी घरों में आलू चाप, भजिया तथा अन्य व्यंजन बनाया जाता है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु० सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU